भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या *300
उत्तर देने की तारीख 16.12.2024

सांस्कृतिक विकास कार्यक्रमों को बढ़ावा देना

***300. श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल :**

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने संघ राज्यक्षेत्र दादरा और नागर हवेली तथा दमन और दीव में सांस्कृतिक विकास कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए कोई कदम उठाए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार उक्त संघ राज्यक्षेत्रों के प्रसिद्ध लोक/पारंपरिक और अन्य कलाकारों को संरक्षण और बढ़ावा देने के लिए किसी कार्य योजना पर काम कर रही है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ड.) क्या सरकार ने उक्त कलाकारों की प्रतिभा को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने के लिए कोई विशिष्ट योजना बनाई है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (च) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

'सांस्कृतिक विकास कार्यक्रमों को बढ़ावा देना' के संबंध में दिनांक 16 दिसम्बर, 2024 को श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल द्वारा पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *300 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) और (ख): भारत सरकार ने उदयपुर में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र (डब्लयूजेडसीसी) की स्थापना की है ताकि इसके सदस्य राज्यों की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को संवर्धित किया जा सके जिनमें दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव संघ राज्य क्षेत्र भी शामिल हैं। डब्ल्यूजेडसीसी अपने सदस्य राज्यों में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यकलाप और कार्यक्रम आयोजित करता है जिसके लिए उन्हें वार्षिक सहायता अनुदान प्रदान किया जाता है। दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव संघ राज्य क्षेत्रों में 2022-23 से 2024-25 तक डब्ल्यूजेडसीसी द्वारा आयोजित महोत्सवों, मेलों और कार्यशालाओं का ब्यौरा निम्नलिखित है:

क्र. सं.	कार्यक्रम का नाम	स्थल	तारीख	कलाकारों की संख्या	व्यय (लाख रुपये में)
1	ग्रीष्मकालीन शिविर	दमन	23 मई से 6 जून, 2022	04	0.50
2	कथक कार्यशाला	दीव	24 से 28 मई, 2022	02	0.54
3	बालोत्सव रंगमंच कार्यशाला	दमन	23 मई से 9 जून, 2022	02	1.01
4	मिश्रित मीडिया कार्यशाला	दीव	15-19 जून, 2022	01	0.31
5	नारेली पूर्णिमा	संघ राज्य क्षेत्र दमन एवं दादरा और नगर हवेली	11-13 अगस्त, 2022	53	3.35
6	पूर्वोत्तर महोत्सव	दीव	11-13 अक्तूबर, 2022	64	7.54
7	देवका सी फ्रंट का उद्घाटन	दमन	25 अप्रैल, 2023	71	3.00
8	चारकोल कार्यशाला	बाल भवन, दीव	18 से 21 जुलाई, 2023	30	0.50

9	स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम	दमन	14-15 अगस्त, 2023	16	0.87
10	मॉनसून महोत्सव	दादरा और नगर हवेली	24-30 अगस्त, 2023	63	4.85
11	नारेली पूर्णिमा	दमन	30 अगस्त से 1 सितम्बर, 2023	70	5.51
12	मेरी माटी मेरा देश	संघ राज्य क्षेत्र दमन और दीव	2 से 13 अक्तूबर, 2023	20	1.81
13	चित्रांकन शिविर	दीव	25-31 जुलाई, 2024	12	6.00
14	नारेली पूर्णिमा	दमन	19 अगस्त, 2024	28	1.50

(ग) और (घ): दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव संघ राज्य क्षेत्रों के लोक/पारंपरिक कलाकारों को उनकी प्रतिभाएं प्रदर्शित करने हेतु डब्ल्यूजेडसीसी द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों/कार्यकलापों में शामिल किया जाता है जिसके लिए कलाकारों को मानदेय, दैनिक भत्ता/यात्रा भत्ता, भोजन एवं आवास आदि का भुगतान किया जाता है ताकि वे अपना जीविकोपार्जन कर सकें।

(ङ) और (च): संस्कृति मंत्रालय द्वारा दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव संघ राज्य क्षेत्रों सहित भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देने और भारत की छवि को अनुकूल रूप से संवर्धित करने के लिए "वैश्विक भागीदारी स्कीम" नामक स्कीम कार्यान्वित की जाती है। इस स्कीम का उद्देश्य भारतीय कला रूपों के अभ्यासरत कलाकारों को "विदेश में भारत महोत्सव' बैनर के अंतर्गत विदेश में प्रस्तुति देने हेतु अवसर प्रदान करना है। इस स्कीम के अंतर्गत लोक कला जिसमें लोक/शास्त्रीय/अर्द्धशास्त्रीय संगीत, लोक नृत्य एवं रंगमंच, कठपुतली कला, शास्त्रीय और पारंपरिक नृत्य, प्रयोगात्मक/समकालीन नृत्य, रंगमंच आदि जैसे विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों से जुड़े कलाकार विदेश में आयोजित 'भारत महोत्सव' में प्रस्तुतीकरण देते हैं। इन कलाकारों को प्रतिनियुक्त करने से संबंधित संपूर्ण व्यय सरकार द्वारा वहन किया जाता है। संस्कृति मंत्रालय द्वारा कलाकारों/समूहों को विभिन्न कला रूपों के तहत पैनलबद्ध किया गया है और विदेश में आयोजित महोत्सवों में प्रस्तुति देने वाले कलाकारों का चयन इसी पैनलबद्ध सूची में से किया जाता है।

*****